संख्या- 2/2015 /140/स0ग्रा0वि0वि0/15

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

समग्र ग्राम विकास विभाग लखनऊ: दिनांक: 27 जनवरी, 2015

विषय: डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों की Digital Diary तैयार किए जाने हेतु दिशा-निर्देश।

महोदय,

प्रदेश में ''डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना'' लागू किये जाने विषयक शासनादेश संख्याः 447/66-2012-05/2012 दिनांक 17 मई, 2012, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- शासन द्वारा डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में कराए गए अथवा कराए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता लाए जाने हेतु प्रत्येक चयनित लोहिया ग्राम की Digital Diary जनपद स्तर पर तैयार कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

3- योजनान्तर्गत प्रत्येक चयनित लोहिया ग्राम की Digital Diary जनपद स्तर पर निम्नानुसार तैयार कराई जाए:-

1- जनपद द्वारा Digital Diary का प्रथम पृष्ठ html में तैयार किया जाए, जिस पर डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत वर्षवार चयनित ग्रामों के नाम दर्शाए जाने की व्यवस्था हो। इस पृष्ठ को जनपद की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ से लिंक कर दिया जाए।

2- प्रत्येक ग्राम के नाम पर एक hyperlink स्थापित किया जाए, जिससे सम्बन्धित ग्राम की Digital Diary का प्रथम पृष्ठ खुल जाएगा।

3- प्रत्येक ग्राम हेतु तैयार की जाने वाली Digital Diary में प्रथम पृष्ठ पर ग्राम का सामान्य परिचय/संक्षिप्त विवरण दर्शाया जाए, जिसमें चयनित ग्राम का नाम, विकासखण्ड, मुख्यालय से दूरी, ग्राम में कार्यरत विभिन्न विभागों के कार्मिकों के अद्यावधिक नाम, ग्राम की जनसंख्या आदि आवश्यक बिन्दु भी सम्मिलित हों।

4- इसके अतिरिक्त योजनान्तर्गत ग्राम में संचालित कार्यक्रमों की कार्ययोजना के अनुसार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों एवं उसके सापेक्ष अद्यावधिक पूर्ति को भी दर्शाया जाए।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- वर्षवार चयनित लोहिया ग्रामों में योजनान्तर्गत संचालित कार्यक्रमों के बारे में अभी तक कराये गये कार्यों को डिजिटल डायरी में दर्शाया जाए। उसके पश्चात् जैसे-जैसे प्रगति होगी उससे संबंधित सूचनाएं (चित्रों सहित) प्रत्येक माह अद्यावधिक की जाए।

6- प्रथम चरण में जनपद स्तर पर Digital Diary समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 हेतु चयनित समग्र ग्रामों में कराए गए अथवा कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए 20 फरवरी, 2015 तक अवश्य तैयार कराकर जनपद की वेबसाइट पर अपलोड करा ली जाए। इसके पश्चात वर्ष 2014-15 तथा अनुवर्ती वर्षों की Digital Diary तैयार करायी जाए।

अतः इस संबंध में मुझे यह कहने निदेश हुआ है कि उक्त दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने जनपद की डिजिटल डायरी तैयार कर अपने जनपद की वेबसाईट पर निर्धारित अवधि तक अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

पृष्ठांकन: (1)/ तददिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- विशेष सचिव/स्टाफ आफिसर, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।

2- स्टाफ आफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

3- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

4- प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण, ऊर्जा, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, बेसिक शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, लघु सिंचाई, व्यवसायिक शिक्षा, समाज कल्याण, महिला कल्याण, विकलांग कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, मत्स्य कृषि, पशुपालन व राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को इस आशय के साथ कि फील्ड के सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारियों के पर्यवेक्षण में उपरोक्तानुसार डायरी तैयार करने हेतु निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(नरेश बहादुर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in